स

राज एक्सप्रेस

शुक्रवार, 13 सितम्बर, 2024

# साइबर स्वच्छता व सुरक्षा जरूरी : सीएमडी चोखानी



**नेपानगर।** नेपा लिमिटेड में गुरुवार को साइबर स्वच्छता और सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय इंटरेक्टिव सत्र-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने स्वागत भाषण में नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों और अधिकारियों को साइबर स्वच्छता और सुरक्षा के महत्व बताए। उन्होंने कहा कि साइबर हमलों के बढ़ते खतरों के समय में साइबर स्वच्छता और सुरक्षा की जागरूकता अत्यधिक जरुरी है।

प्रशिक्षण अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा ने साइबर स्वच्छता और सुरक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराधों और उससे बचने हेतु आवश्यक जागरूकता को विस्तृत से समझाया। प्रशिक्षण के दौरान, वर्तमान साइबर सुरक्षा खतरों और उनसे बचाव की रणनीति, हैकर्स द्वारा उपयोग की जाने वाली वर्तमान हमला योजना, मैलवेयर, पासवर्ड हमले, ई-मेल स्पूफिंग, सरकारी विभागों में साइबर सुरक्षा ऑडिट में पाए गए महत्वपूर्ण निष्कर्ष, क्रेडिट डेबिट कार्ड और सुरक्षा युक्तियां, डंपस्टर डाइविंग और सावधानियां और साइबर सुरक्षा के छह स्तंभों जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा, साइबर हमलों से बचने के लिए साइबर स्वच्छता की सर्वोत्तम प्रथाओं जैसे डेटा बैकअप, कानूनी दायित्वों की जानकारी, सीमित पहुंच अधिकार, कर्मचारी प्रशिक्षण, बहु कारक प्रमाणीकरण, सॉफ्टवेयर और सिस्टम अपडेट, ईमेल सुरक्षा, मोबाइल डिवाइस प्रबंधन, सुरक्षित वाई-फाई नीतियां और साइबर बीमा जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुपालन में नेपा लिमिटेड में क्षमता निर्माण योजना के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जो आगामी सतर्कता जागरूकता सप्ताह का अभिन्न हिस्सा हैं।

# नेपा लिमिटेड में साइबर स्वच्छता और सुरक्षा के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर।** नेपानगर में एशिया महाद्वीप की सबसे पुरानी और बड़ी पेपर मिलों में से एक, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय की पेपर मिल नेपा लिमिटेड में गुरुवार को साइबर स्वच्छता और सुरक्षा



विषय पर एक दिवसीय इंटरेक्टिव सत्र-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने स्वागत भाषण में नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों और अधिकारियों को साइबर स्वच्छता और सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि साइबर हमलों के बढ़ते खतरों के समय में साइबर स्वच्छता और सुरक्षा की जागरूकता अत्यधिक आवश्यक है। प्रशिक्षण अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा ने साइबर स्वच्छता और सुरक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने साइबर अपराधों और उससे बचने हेतु आवश्यक जागरूकता को विस्तृत से समझाया।प्रशिक्षण के दौरान,वर्तमान साइबर सुरक्षा खतरों और उनसे बचाव की रणनीति,हैकर्स द्वारा उपयोग की जाने वाली वर्तमान हमला योजना, मैलवेयर,पासवर्ड हमले, ई-मेल स्पूफिंग,सरकारी विभागों में साइबर सुरक्षा ऑडिट में पाए गए महत्वपूर्ण निष्कर्ष,क्रेडिट/डेबिट कार्ड और सुरक्षा युक्तियां,डंपस्टर डाइविंग और सावधानियां और साइबर सुरक्षा के छह स्तंभों जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई।इसके अलावा,साइबर हमलों से बचने के लिए साइबर स्वच्छता की सर्वोत्तम प्रथाओं जैसे डेटा बैकअप,कानूनी दायित्वों की जानकारी,सीमित पहुँच अधिकार,कर्मचारी प्रशिक्षण, बहु-कारक प्रमाणीकरण, सॉफ्टवेयर और सिस्टम अपडेट,ईमेल सुरक्षा,मोबाइल डिवाइस प्रबंधन, सुरक्षित वाई-फाई नीतियां और साइबर बीमा जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग,नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुपालन में नेपा लिमिटेड में क्षमता निर्माण योजना के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं जो आगामी सतर्कता जागरूकता सप्ताह का अभिन्न हिस्सा हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े, प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी, प्रबंधक पेपर मशीन एके त्यागी,प्रबंधक श्रम कल्याण एवं संबंध किशोर महाजन, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव,प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी,उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सीएन वर्मा,उप प्रबंधक केंद्रीय भंडार सुनील कुमार कुलथे,उप प्रबंधक डीआईपी देवेंद्र महोबे,सहायक प्रबंधक आईटी विजय भामरे,सहायक प्रबंधक विपणन प्रशांत सोनी,सहायक अधिकारी आईटी आभा महतो,उदेश नकुल,शिशिरेंद्र सिंह,आदित्य तिवारी,पवन पवार,मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, संदीप माले,प्रतीक गणेचर,मीना श्रीवास्तव,आदित्य केशरी,कनक गुरव ने भाग लिया।